Thermal Station at Moradnagar with a capacity of 840 MW is also being installed. Delhi will also get its share from the new Central Station$_s$ being set up in Northern Region.

(©) and (d) The present power losses in Delhi on account 0/ diffe-rent factors are about 18 per cent DESU is conducting surprise raids from time to time to detect and curb theft of electricity. The distribution system is also being .strengthened for reducing technical losses.

केन्द्रीय सरकार के नियंत्रण में कोयला खान

876. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार के नियंत्रण में आने वाली कोयला खानों की संख्या के बारे में कोई सर्वेक्षण किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और वहां पर कोयला की मात्रा कितनी है; और

(ग) उनके विस्तार के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

ऊर्जा मंत्री (श्री बसन्त साठे) : (क) और (ख) भारत सरकार के उपक्रमों के नियंत्रण के अधीन 421 कोयला खानें हैं । उनका विवरण निम्नलिखित है :--

कोल इंडिया और इसकी सहायक कंपनियां	—	417
दामोदर घाटी निगम	—	1
इंडियन आयरन एंड स्टील कम्पनी	—	3

वर्ष 1984-85 में उपर्युक्त खानों में 131.49 मिलियन टन कोयले का उत्पादन हुआ था । वर्ष 1985-86 के लिए 134.65 मिलियन टन कोयले के उत्पादन की आशा है ।

(ग) प्रत्येक खान का विस्तृत अध्ययन करने के बाद, चुनिंदा खानों के विस्तार और उनके पुनर्निर्माण की योजनायें बनाई जाती हैं। इन योजनाओं के आधार हैं कोयले के भंडारों की उपलब्धता, अपेक्षित पूंजी निवेश और परियोजना की समग्र अर्थव्यवस्था । इस प्रकार अनेक विद्यमान खानों का पुनर्निर्माण-कार्य सतत प्रक्रिया के रूप में शुरू किया जा रहा है ।

पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्यों में वृद्धि

877. **श्री चिमन भाई मेहता** :
श्री रामसिंह भाई पातलोया
भाई राठवा :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1-1-85 से 14-2-86 की अवधि के दौरान भिन्न-भिन्न प्रकार के पेट्रोलियम डीजल, मिट्टी के तेल और खाना पकाने की गैस की कीमतों में वृद्धि की गई थी ;

(ख) यदि हां, तो कब और कितनी वृद्धि की गयी थी;

(ग) इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या जनता इससे बार-बार परेशान होती रही है और इन वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि का विरोध करती रही है ; और

(ङ) यदि हां, तो मूल्यों को कम करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?